Regarding need for connecting arounf 25 Thousand villages to All Weather Road under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे अपने क्षेत्र समस्तीपुर के इतने गंभीर और आवश्यक मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

महोदय, बजट के बाद मैं पहली बार बोल रही हूं। बिहार की बेटी होने के नाते मैं अपने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने एक ऐसा बजट पेश किया है, जो विकासशील बिहार को विकसित बिहार की ओर लेकर जाएगा। हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी के ?बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट? के विजन को और बल देगा।

सर, मैं सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र समस्तीपुर से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ आकृष्ट कराना चाहूंगी।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या अभी तक यह आपकी भूमिका थी?

? (व्यवधान)

श्रीमती शांभवी : सर, इस बजट में हमारी वित्त मंत्री जी ने घोषणा की कि 25 हजार ग्रामीण इलाकों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ऑल वेदर रोड से जोड़ा जाएगा। मेरे क्षेत्र में एक इलाका कुशेश्वर स्थान पूर्वी है, जो अक्सर बाढ़ग्रस्त रहता है। बाढ़ का प्रभाव ऐसा है कि वहां सीधे-सीधे असर युवाओं के रोजगार पर पड़ता है, बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसीलिए, मैं सदन में माँग रखती हूं कि कुशेश्वर स्थान पूर्वी में स्टेट हाइवे 56 बनकर तैयार है, उसके अगल-बगल के जो दर्जनों गांव हैं, उनको प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ऑल वेदर रोड से जोड़ा जाए। धन्यवाद।